कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade “B”

दिनांक 28.11.2023

छुरिया महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन

आज दिनांक 28.11.2023 को शासकीय रानीसूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया जिला राजनांदगांव में संस्था प्रमुख डॉ. श्रीमती सुषमा चौरे (नेताम), के दिशानिर्देशन एवं IQAC प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दी – विभाग के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रुप से संस्था प्रमुख डॉ. श्रीमती सुषमा चौरे (नेताम), के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुषमा चौरे (नेताम), ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत ही खास है। यह राजभाषा दिवस छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष 28 नवंबर को मनाया जाता है, जो कि छत्तीसगढ़ वासी के लिए गर्व का विषय है। छत्तीसगढ़ी भाषा हिन्दी, अवधि और ब्रज भाषा का समकालीन है तथा इस भाषा में एक अलग मिठास है। उन्होंने आगे कहा कि इस भाषा को दैनिक बोलचाल के साथ ही साहित्य सृजन और प्रचार–प्रसार की भाषा बनाने की आवश्यकता है।

इसी कडी में IQAC प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा, ने कहा कि 28 नवम्बर 2007 को विधानसभा छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा देने विधेयक पारित हुआ था, जिसके साथ ही आज छत्तीसगढ़ी भाषा पर विविध रुपों में साहित्य सृजन होने लगा है। आगे उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा के इतिहास को बताते हुए, भाषा सिद्धांत के महत्वपूर्ण तथ्यों पर अपने विचार व्यक्त किये। नेक प्रभारी डॉ एच. एस. भाटिया, ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा, छत्तीसगढ़ प्रदेश की जन–जन की भाषा है। उसमें सहज ही आकर्षण शक्ति है। इस भाषा को आत्म गौरव के साथ जोड़कर देखने से हमें अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक सहज ही दिखाई पड़ता है।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री चैतराम यादव एवं श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री विनय चौरे, श्री उष्यंत कुमार,, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, दीपिका ध्रुवे एवं अतिथि व्याख्याता सुश्री इंदिरा इन्दू, श्री गन्नू साहू, श्री गैंदलाल सोनकर, सुश्री महेश्वरी साहू तथा सभी संकाय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

प्राचार्य